विधानसभा तारांकित प्रश्न सं. 3388 परिशिष्ट 'अ'

[24/7/2019]

प्रश्न सं. [क्र 3388]

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय,
वल्लभ भवन, भोपाल - 462004

क्रमांक/ 163 /192/2019/1/9 भोपाल, दिनांक 4/2/2019

प्रति,

1. समस्त संभागायुक्त/कलेक्टर्स
मध्यप्रदेश ।

2. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत, मध्यप्रदेश ।

विषय - मध्यप्रदेश की सभी ग्राम पंचातयों में संगीत वाद्य यंत्रों के क्रय हेतु दी गई राशि में से अव्ययित राशि मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग को वापस किया जाना ।

संदर्भ - संस्कृति विभाग का पत्र क्रमांक 1500/1841/2018/30 दिनांक 05/07/2018 एवं संस्कति संचालनालय का पत्र क्रमांक 1424/संसं/समारोह दिनांक 12/07/2018

---00---

कृपया संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें ।

2/- संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की समस्त ग्राम पंचातयों में कला मण्डलियों को संगीत वाद्य यंत्रों के क्रय हेतु संस्कृति संचालनालय के माध्यम से रूपये 25,000/- (रू. पच्चीस हजार केवल) प्रत्येक ग्राम पंचायत के मान से राशि समस्त जिला कलेक्टर्स को उपलब्ध कराई गई है ।

3/- विधानसभा चुनाव के कारण आदर्श आचरण संहिता लागू होने से संभवत: कुछ ग्राम पंचायतों में उक्त राशियों का वितरण कलेक्टर्स द्वारा नही हो पाया है तथा जिन ग्राम पंचायतों में राशि उपलब्ध कराई गई है, उनके द्वारा कला मण्डलियों को राशि का प्रदान न किए जाने से इस राशि का उपयोग नहीं हो पाया है ।

4/- राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जिन ग्राम पंचायतों में उक्त राशि मण्डलियों को नहीं दी जा सकी एवं जिन ग्राम पंचायतों में उक्त राशि का उपयोग नहीं किया जा सका है, ऐसी समस्त राशि संस्कृति विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद को वापस की जाए। कला मण्डलियों को परिपोषित किये जाने हेतु पृथक से एक संपूर्ण कार्य योजना संस्कृति विभाग द्वारा लाई जाएगी ।

5/- अत: मध्यप्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में संगीत वाद्य यंत्रों के क्रय हेतु दी गई राशि में से अव्ययित राशि मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद को वापस की जाकर सूचना सामान्य प्रशासन विभाग एवं संस्कृति विभाग को दी जाए ।

Bhuh
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
... विभाग मंत्रालय

04.02.19
(डॉ. अमिताभ अवस्थी)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

निरन्तर 02/-.....

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्र. 3388 परिशिष्ट - अ

पृष्ठा. क्रमांक/164 /192/2019/1/9 भोपाल, दिनांक 6/2/2019

प्रतिलिपि -

1. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल ।
3. प्रमुख सचिव (समन्वय), म.प्र. शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल ।
4. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
5. संचालक, संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश, आधार तल, संस्कृति भवन, बाणगंगा, भोपाल।
6. निज सचिव/निज सहायक, माननीय मंत्रीजी सामान्य प्रशासन विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश, भोपाल ।
7. निज सचिव, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

04.02.19
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
... मंत्रालय